US-196
04-01-2022

अत्यंत महत्वपूर्ण / विधानसभा
विशेष पत्र वाहक / ई–मेल द्वारा

शहरी विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
9वॉ तल, सी – विंग दिल्ली सचिवालय,
आई. पी इस्टेट,नई दिल्ली–110002.

एफ.53(38)/अता./ ता प्र.सं.196/द्वि.सत्र का चतुर्थ भाग–2022/दिविस/श.वि./1366-68 दिनांकः 01-01-22

सेवा में,

उप सचिव (प्रश्न शाखा),
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार,
पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054.

विषयः–दिल्ली सातवीं विधानसभा के द्वि.सत्र का चतुर्थ भाग तारांकित /अतारांकित प्र. स. 196 मान्नीय विधायक श्री मुकेश अहलावत दिनांक 04.01.2022 को सदन की बैठक के सन्दर्भ में ।

महोदया / महोदय,

आपको उपरोक्त विषय में उद्धत विधानसभा प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉ, मान्नीय मंत्री शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा अनुमोदित अग्रित कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय,

उप–सचिव (संसदीय शाखा)

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, मान्नीय मंत्री शहरी विकास (दिल्ली सरकार) 7वां तल 'ए' विंग, दिल्ली सचिवालय नई दिल्ली ।
2. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली को प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियों सहित ।

उप–सचिव (संसदीय शाखा)

Scanned by TapScanner

शहरी विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार
<u>9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली</u>

विधायक का नाम : श्री मुकेश अहलावत

दिनांक : 04.01.2022

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 196

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>क</td><td>क्या यह सत्य है कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम में अनेक औषधालय/चेस्ट क्लीनिक ऐसे हैं जहाँ एमएस/एमडी/सर्जन/डिप्लोमा धारक डॉक्टर अकारण ही तैनात हैं जबकि आरबीआईपीएमटी में कोई सर्जन उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो इसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;</td><td>उत्तरी दिल्ली नगर निगम के 06 औषधालय और 07 चेस्ट क्लीनिक में एमएस/एमडी/सर्जन/डिप्लोमा धारक डॉक्टर कार्यरत है। ये सभी जीडीएमओ औषधालयों और चेस्ट क्लीनिक से संबंधित कार्य कर रहे हैं।
आरबीआईपीएमटी में एक सर्जन डॉ सुनील सहदेव कार्यरत है।</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>क्या यह सत्य है कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत सर्जन विगत अनेक वर्षों से चेस्ट क्लीनिक में तैनात हैं, यदि हाँ, तो इनका पूर्ण विवरण दें;</td><td>उत्तरी दिल्ली नगर निगम में डा. दिनेश करगवाल जी.डी.एम.ओ. जो सर्जन डिग्री धारक है चेस्ट क्लीनिक रोहिणी में पिछले 02 वर्षों से कार्यरत है।</td></tr>
<tr><td>ग</td><td>औषधालयों, चेस्ट क्लीनिकों, आयुर्वेदिक औषधालयों, आयुर्वेदिक अस्पताल हैदरपुर व पॉलीक्लीनिकों में भरपूर स्टाफ नर्से व वार्ड बॉयज़ हैं, जबकि उनके उद्घाटन से अब तक वहाँ एक भी रोगी का एडमीशन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ; और</td><td>उत्तरी दिल्ली नगर निगम के औषधालयों में स्टाफ नर्स व वार्ड बॉयज के पद स्वीकृत नहीं है। चेस्ट क्लीनिक व पॉलीक्लीनिक में 36 स्टाफ नर्स और 22 वार्ड बॉयज स्वीकृत पदों में कार्यरत है। औषधालय/चेस्ट क्लीनिक व पॉलीक्लीनिक में मरीज को भर्ती करने का प्रावधान नहीं है। आयुर्वेदिक अस्पताल हैदरपुर कोविड–19 से पहले अपनी सतत अंतरंग (IPD) और बाह्य रोगी सेवाएं जनता को उपलब्ध कराता रहा है। कोविड–19 मार्च 2020 में आने पर यहां के सारे डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, वार्ड आया को कोविड ड्यूटी में कोविड पदनामित अस्पतालों में अपनी सेवाएं देने के लिए भेज दिया गया था। भेजे गए स्टाफ में अभी भी सारा स्टाफ वापस नहीं आया है। कोविड–19 आने से पहले की अंतरंग (IPD) व बाह्य रोगियों की रिपोर्ट निम्नानुसार है।
<table>
<tr><th>वर्ष</th><th>ओ.पी.डी.</th><th>आई.पी.डी.</th></tr>
<tr><td>2015–16</td><td>43250</td><td>7284</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>2016–17</td><td>41440</td><td>4592</td></tr>
<tr><td>2017–18</td><td>24603</td><td>4054</td></tr>
<tr><td>2018–19</td><td>7099</td><td>2655</td></tr>
<tr><td>2019–20</td><td>6054</td><td>2433</td></tr>
</table>
दवाइयों की कमी दूर होने व स्टाफ आने पर फिर से अंतरंग (IPD) सेवाएं सूचारू रूप से जनता को उपलब्ध कराई जा सकेंगी।</td></tr>
<tr><td>घ</td><td>क्या यह सत्य है कि कोविड काल में चिकित्सकीय आपात्काल के दौरान उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत उपर्युक्त प्रशिक्षित स्टाफ अकर्मण्य बैठा रहा; यदि हाँ, तो इसका पूर्ण विवरण दें?</td><td>जी नहीं, कोविड काल में चिकित्सकीय आपातकाल के दौरान उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत स्टाफ नर्से व वार्ड बॉयज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कोविड टीकाकरण, कोविड परीक्षण (RT-PCR, Rapid Antigen Test) इत्यादि कामों में कार्यरत थे।</td></tr>
</table>

Dy. Secretary (U.D./P.C.)
Govt. of N.C.T. of Delhi
Delhi Secretariat
I.P. Estate, New Delhi-02